49/50

अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग,मगध पथ अंचल,गया

Email id:- magadhcirclercdgaya@gmail.com

दिनांक–26.03.2023 का पथ प्रमंडल सं०–1,गया के अधीन **Bela-Rampur-Kormathu Road from km 8.00 to km 13.600** का संयुक्त निरीक्षण प्रतिवेदन :–

निरीक्षण के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों की सूची :–

(1) असलम महमूद, अधीक्षण अभियंता, मगध पथ अंचल, गया।

(2) श्री भरत लाल, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल सं०–1, गया।

(3) श्री प्रतीक कुमार, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमण्डल सं०–1, गया।

(4) श्री उमेश चंद्र प्रसाद, कनीय अभियंता, पथ प्रमण्डल सं०–1, गया।

निरीक्षण प्रतिवेदन

कार्य का नाम :– पथ प्रमण्डल सं0–1, गया के अधीन RCPLWEA योजना अंतर्गत Bela-Rampur-Kormathu Road from km 8.00 to km 13.600.

प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग :– रू0 719.44 लाख, विभागीय पत्रांक – 341(S)WE दिनांक–02.02.2022

एकरारनामा संख्या एवं तिथि :– 01/SBD/PMGSY/2021-22

एकरारनामा अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि :– 15.03.2022.

एकरारनामा अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि :– 14.11.2022.

कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथि :– 28.02.2023.

पथ निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि :–

(i) इस पथ का निर्माण कार्य RCPLWEA अंतर्गत कराया गया है एवं पथ में कुल 4.7 km बिटुमिनस पथ, 900m लम्बाई में PQC पथ, कुल 6CD work का प्रावधान था।

(ii) 4.7 km लम्बाई में बिटुमिनस कार्य पूर्ण करा लिया गया है। 900 m लम्बाई वाले PQC पथ में 600m लम्बाई में पथ निर्माण का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। साथ ही 6 CD work में कुल 5 CD work का कार्य पूर्ण करा लिया गया है।

(iii) कार्यपलाक अभियंता द्वारा बताया गया कि km 9.700 पर पूर्व से अवस्थित H.P. culvert के स्थान पर RCC Box culvert का प्रावधान था, परंतु ग्रामीणों द्वारा उक्त स्थल पर इसकी आवश्यकता नही होने का हवाला देकर, Box culvert का निर्माण नही होने दिया गया।

(iv) उक्त पथ में पथ के समांतर कुल 390m लम्बाई के नाला का प्रावधान था, जिसका नि
कार्य एजेंसी द्वारा करा लिया गया है।

(v) कार्यपालक अभियंता द्वारा यह भी बताया गया कि पथ में अवस्थित कोईरी बिगहा गाँव में 300m लम्बाई का PQC पथ निर्माण कार्य ग्रामीणों द्वारा नही होने दिया जा रहा है। उनके द्वारा पथ की लम्बाई के बराबर ही कुल 300m लम्बाई का नाला, पथ के समांतर निर्माण करवाने हेतु दबाव दिया जा रहा है, जिसके उपरांत ही PQC पथ का निर्माण होने दिया जाएगा।

अतःउपर्युक्त वर्णित परिस्थितियों के अनुरूप पथ में नाली का निर्माण करवाना श्रेष्यकर होगा, जिससे गाँव से निकलने वाले Sewerage water का सही निस्तारण संभव हो सकेगा। साथ ही Chainage.9 + 700 km पर प्रस्तावित RCC Box Culvert निर्माण वाले Item की Quantity का उपयोग नाला निर्माण में किया जा सकता है।

तदालोक में कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सं०–1, गया को प्रस्ताव समर्पित करने का निदेश दिया।

(ह०) 31-03-23

अधीक्षण अभियंता
मगध पथ अंचल,गया

ज्ञापांकः– 410 दिनांकः– 31-03-2023

प्रतिलिपि कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल सं0–1, गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(ह०) 31-03-23

अधीक्षण अभियंता
मगध पथ अंचल,गया

ज्ञापांकः– 410 दिनांकः– 31-03-2023

प्रतिलिपि मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

(ह०) 31-03-23

अधीक्षण अभियंता
मगध पथ अंचल,गया